शिविर — राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे निशानेबाज होंगे शामिल

# जीएफजी अकादमी में हाई परफॉर्मेंस पिस्टल कैंप 3 से

**नवभारत, जबलपुर ।** शहर की पहली अंतरराष्ट्रीय पिस्टल शूटर एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीत चुकी महिमा तुरही अग्रवाल द्वारा 3 जून से 13 जून तक गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी में हाई परफॉर्मेंस पिस्टल कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

यह विशेष प्रशिक्षण शिविर आगामी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे निशानेबाजों के लिए आयोजित किया गया है। महिमा तुरही अग्रवाल न केवल एक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज हैं, बल्कि वे स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट एवं चेंज एजेंट भी हैं। अपने खेल अनुभव एवं मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञता के माध्यम से वे खिलाड़ियों को उच्च प्रदर्शन के लिए आवश्यक तकनीकी, मानसिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगी।



### पिस्टल शूटिंग की तकनीकी जानकारी दी जाएगी

कैंप के दौरान खिलाड़ियों को पिस्टल शूटिंग की तकनीकी, बारीकियों, मैच रणनीति, शॉट प्रोसेस, प्रदर्शन विश्लेषण तथा प्रतियोगिता के दबाव को संभालने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों की मानसिक दृढ़ता, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं लक्ष्य निर्धारण पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### विशेष फिटनेस सत्र भी संचालित होगा

महिमा खिलाड़ियों के लिए विशेष फिटनेस सत्र भी संचालित करेंगी, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता, स्थिरता एवं सहनशक्ति में वृद्धि हो सके। इस हाई परफॉर्मेंस कैंप का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है, ताकि वे आगामी प्रतियोगिताओं में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वयं को तैयार कर सकें।

## आयुष्मान भारत के तहत शिक्षकों की वेलनेस ट्रेनिंग

**नवभारत, जबलपुर।** आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर (शिक्षक) प्रशिक्षण का शुभारंभ क्षेत्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, जबलपुर में हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनीता उप्पल, आइसेक्ट के स्टेट हेड निशांत श्रीवास्तव और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर बृजेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। शुभारंभ के उपरांत प्रशिक्षण के पहले सत्र का संचालन प्रतिभा दुबे और अन्य प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं वेलनेस गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, किशोर स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है, जिससे वे विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य और विकास के लिए प्रभावी भूमिका निभा सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता एवं सकारात्मक व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# विजय बर्मन व आशु कहर बने राज्य स्तरीय रेफरी

▸ थांगता सेमिनार में हासिल की उपलब्धि, जबलपुर जिले का बढ़ाया मान

**नवभारत, जबलपुर ।** मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन द्वारा भोपाल स्थित शारदा विहार आवासीय विद्यालय में 26 से 28 जून तक आयोजित राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल सेमिनार एवं वार्षिक बैठक में जुन्नारदेव के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

जिला थांगता जबलपुर के सीनियर खिलाड़ी विजय बर्मन एवं आशु कहर ने सेमिनार में सहभागिता की। सेमिनार के दौरान राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अधिकृत राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल (रेफरी) का दर्जा प्राप्त किया।




### इन्होंने दी बधाई

इस उपलब्धि पर दिग्विजय सिंह सचिव मप्र ओलिंपिक संघ, आशीष पाण्डे डीएसओ, शिवेंद्र कुमार परमार अध्यक्ष, मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन, अजीत सिंह नैयर, सारिका सिंह खेल शिक्षक, परमजीत सिंह विक्रम अवॉर्डी, हरमिंदर सिंह ढिल्लो, अमरदीप सिंह सग्गू, हरदीप सिंह, रुपिंदर सिंह ने शुभकामनाएं दीं तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 25 जिलों के 40 सचिव, कोच एवं खिलाड़ियों ने भाग लिया

इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन ने दोनों को प्रमाण-पत्र एवं अधिकृत टेक्निकल ऑफिशियल यूनिफॉर्म प्रदान कर सम्मानित किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के लगभग 25 जिलों के 40 सचिव, कोच एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को खेल के नवीन तकनीकी नियमों, रेफरी, जजिंग एवं स्कोरिंग प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया।



## ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में मास्टर संघ एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** भोपाल की सेज यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 और 28 जून को आयोजित थर्ड भोपाल ओपन ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में जबलपुर के मास्टर संघ कराटे एकेडमी के 11 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दमदार चुनौती पेश करते हुए कुल 10 पदकों पर कब्जा किया, जिसमें 5 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस शानदार स्वर्णिम सफलता पर मास्टर संघ एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर एवं सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कोच भगवान दास की अगुवाई में मिली सफलता

चैंपियनशिप में टीम कोच की भूमिका मास्टर संघ कराटे एकेडमी के कोच भगवान दास ने निभाई, जिनकी रणनीति के दम पर खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराया। पदक तालिका में अपना नाम दर्ज कराने वाले खिलाड़ियों में जिज्ञासा काछी ने कमाल दिखाते हुए 16 से अधिक आयु वर्ग के काता में स्वर्ण और 18 से अधिक आयु वर्ग के काता में कांस्य पदक जीता। वहीं विकास सैनी ने 16 से अधिक आयु वर्ग के काता में, धैर्य ठाकुर ने 12-13 आयु वर्ग के काता में, रियांशी झरिया ने 8-9 आयु वर्ग की फाइट में और अजय शंकर प्रसाद ने 8-9 आयु वर्ग की फाइट में अपने विरोधियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इनके अलावा आशना अग्रवाल ने 8-9 आयु वर्ग की फाइट में और अवान अहमद ने 12-13 आयु वर्ग के काता में रजत पदक पर जीता, जबकि उज्जवल चौकसे ने 16-17 आयु वर्ग के काता में और आदर्शनी गुप्ता ने 12-13 आयु वर्ग की फाइट में अन्य खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

## कांग्रेस ने भानतलैया जोन कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में राधाकृष्णन ब्लॉक कमेटी द्वारा भानतलैया जोन कार्यालय 8 एवं 16 का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया। राधाकृष्णन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले वार्डों में व्याप्त भीषण पेयजल संकट, चरमराई सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, जलप्लावन और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की समस्याओं को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक लखन घनघोरिया ने निगम प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन में बिंदुवार दी गई इन सभी जनसमस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में पूर्व विधानसभा क्षेत्र का कांग्रेस परिवार आम जनमानस और माताओं-बहनों के साथ नगर निगम मुख्यालय का उग्र घेराव करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

# संत कबीरदास की 649वीं जयंती पर गूंजे उनके दोहे

▸ आगा चौक में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** संत कबीरदास की 649 वीं जयंती के अवसर पर आगा चौक, गली नंबर-1 स्थित संत कबीरदास समिति द्वारा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भव्य समारोह आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में झारिया कल्याण समाज एवं कबीर समारोह समिति के सदस्यों ने संत कबीरदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा रचित प्रेरणादायक दोहों का वाचन कर उनके विचारों और सामाजिक संदेशों का स्मरण किया। झारिया कल्याण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष झरिया ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित सभी लोगों ने संत कबीरदास के जीवन, उनके आदर्शों तथा सामाजिक समरसता, मानवता, प्रेम और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं के बीच फल, मिठाई एवं भंडारे कान भी वितरण किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उज्वल पचौरी, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, डॉ. वृंदावन झारिया, देव झारिया, हरि मेहरा, महेंद्र झरिया, कीर्ति झारिया, श्रीमती राधा झारिया अंकित झारिया, अजय झारिया ज्योत्सना खरे सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाशोत्सव आस्था और उत्साह से मनाया गया

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी के समस्त गुरुद्वारों में सिख धर्म के छठवें गुरु हरगोबिंद साहिब का पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व पूर्ण आस्था, विश्वास और उत्साह के साथ मनाया गया।

जहाँ गुरुद्वारा गोरखपुर में आयोजित भव्य कीर्तन दरबार में हुजूरी रागी जत्था भाई बलजीत सिंह एवं साजिंदे साथियों ने गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर साध संगत को रसविभोर किया। जबलपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रजिंदर सिंह छावड़ा ने बताया कि मीरी पीरी के मालिक गुरु हरगोबिंद साहिब ने अमृतसर में अकालतख्त साहिब की स्थापना की थी, जोकि विश्व सिखों की सर्वोच्च संस्था है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ 200 श्रद्धालुओं का जत्था



**नवभारत, जबलपुर।** ब्रह्मलीन महंत अमरपुरी महाराज सेवा मंडल आश्रम, भोले कुटी परिवार द्वारा धार्मिक आस्था, सेवा और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा का आयोजन किया गया है। आश्रम भोले कुटी परिवार के तत्वावधान में लगभग 200 श्रद्धालुओं का विशाल जत्था 30 जून को सुबह 6 बजे रवाना हुआ। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक एवं यात्रा संयोजक राजकुमार सिंगरहा ने बताया कि यह यात्रा वर्ष 2004 से निरंतर आयोजित की जा रही है और इस वर्ष संस्था अपनी 21वीं सतत अमरनाथ यात्रा पूर्ण करने जा रही है। यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन कराने के साथ-साथ समाज में धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर देश-समाज की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना करेंगे। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा का पावन जल एवं त्रिशूल बाबा अमरनाथ को समर्पित किया जाएगा।

### सुरक्षा इंतजामों के साथ श्रद्धालुओं का प्रस्थान

संस्था द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है और श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की गई हैं, जिससे सभी यात्री श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा का लाभ प्राप्त कर सकें। इस यात्रा में मुख्य रूप से राजकुमार सिंगरहा, मुकेश सोनी, विनय श्रीवास्तव, सुनील धगट, बृजेश शर्मा, आशीष चौबे, सुमित चौहान, सुनील पटेल, मोहित तिवारी, विनोद मिश्रा, ललित कुमार, यश नामदेव, सुरेंद्र पटेल, चंद्रकला सोनी, श्वेता सोनी, कमला पटेल, नेहा दुबे, परिणीता बेलेकर, मनीषा तिवारी और रीता प्रधान सहित अन्य श्रद्धालु सम्मिलित हैं।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 863वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**नवभारत, जबलपुर।** जागरूक युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अमर बलिदानी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक उनकी 863वीं जयंती मनाई। जयंती समारोह के संयोजक युवा सामाजिक कार्यकर्ता निमित पाठक ने बताया कि यह बहुत सौभाग्य एवं गर्व का विषय है कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान का ननिहाल जबलपुर में है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए युवा सामाजिक कार्यकर्ता दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने देश की आन-बान-शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अफगानी आक्रमणकारी मोहम्मद गौरी को 17 बार हराया था और शब्दभेदी बाण चलाकर उसे मार गिराया था। इस अवसर पर दीपक सिंह राजपूत, निमित पाठक, अथर्व सिंह बघेल, निखिल जैन, मयंक पाठक, संजय सिन्हा, निशार खान, राजेश पटेल, शिवम तिवारी, मयंक लाल, पंचू रैकवार, चिंटू और आशीष यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार आशीष कुमार दास की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि:- **नर्मदा एवेन्यू अपार्टमेन्ट** जो कि गोरखपुर पुलिस थाना के सामने स्थित है, जिसका निर्माण विकासकर्ता फर्म दीक्षित एवं ढ़िमोले एसोसिएट्स के पार्टनर सुरेन्द्र दीक्षित एवं नितिन ढ़िमोले द्वारा किया जा रहा था। 5डी अनुबंध के तहत भूमि स्वामी आशीष कुमार दास का हिस्सा 45 प्रतिशत निर्मित निर्माण का है, परन्तु दिनांक 31.10.2021 में नितिन ढ़िमोले फर्म से अलग होने के बाद समीर दीखित नये पार्टनर के रूप में शामिल हुए इसके बावजूद भी 31.10.2021 के बाद सुरेन्द्र दीक्षित एवं नितिन ढ़िमोले द्वारा लगभग 45 अतिरिक्त फ्लेटों का विक्रय पत्रों का निष्पादन किया गया जो कि उनके हिस्से 55 प्रतिशत से 15 ज्यादा है। जबकि 5डी अनुबंध के अनुसार भूमिस्वामी का पावर ऑफ एर्टानी अनिवार्य है । सुरेन्द्र दीक्षित, नितिन ढ़िमोले एवं समीर दीक्षित यह भलीभांति जानते हुए कि वे भूमिस्वामी की संपत्ति को बिना पावर ऑफ एर्टानी उक्त फ्लेटो का विक्रय-पत्र निष्पादन करने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं रखते है, जानबूझकर स्वयं को भूमिस्वामी घोषित करते हुए विक्रय पत्रों का निष्पादन किया जो कि धोखाधड़ी है एवं बी.एन.एस. की धारा 318 (4) के अंतर्गत अपराध है, जिसकी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 जबलपुर द्वारा जांच में पाई गयी एवं जिला अभियोजन द्वारा भी इसकी पुष्टि की गई है। उक्त अवैध विक्रय-पत्रों द्वारा कुछ रहवासी अनाधिकृत कब्जा करने हेतु भूमिस्वामी के विरूद्ध सुरेन्द्र दीक्षित, नितिन ढ़िमोले एवं समीर दीक्षित के साथ षड्यंत्र कर रहे है एवं भूमि स्वामी के कब्जे में फ्लेटों के ताला तोड़कर एवं छत इत्यादि पर नया ताला लगा रहे है एवं कर्मचारियों से गाली-गलौच एवं मारपीट की जा रही है, जबकि भूमिस्वामी द्वारा जितेन्द्र माखीजा, नरेश जेठानी, शरदेन्दु प्रियदर्शी, छवि/ अजय श्रीवास्तव, गुनीत कौर मैनी/ गगनदीप सिंह मैनी, रंगीला कुमारी/ धनन्जय कुमार वगैरह के विरूद्ध न्यायालय में विक्रय पत्र शून्य करने हेतु व्यवहार वाद दायर किया गया है, जो कि विचारधीन है, अतः उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार करने वाले व्यक्ति संस्था स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। जबलपुर दिनांक-29.06.2026

**दिनेश उपाध्याय** (अधिवक्ता)
सीट नं.50, स्वर्ण जयंती भवन, हाईकोर्ट जबलपुर
मो.7999309054, 9826172309

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे — 'जीवन की रक्षा का संकल्प : डॉक्टरों के समर्पण, चुनौतियों और सम्मान का दिन

# मानवता की सेवा करने वाले चिकित्सकों को नमन




**नवभारत , जबलपुर ।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पूरे देश में 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक एवं भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके योगदान को याद करने के साथ-साथ देशभर के डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर है। बीमारी हो, दुर्घटना हो या किसी जीवन-मरण की स्थिति— सबसे पहले जिस व्यक्ति पर लोगों की उम्मीदें टिकी होती हैं, वह डॉक्टर होता है। पिछले कुछ वर्षों में कोविड-19 जैसी महामारी ने यह साबित कर दिया कि डॉक्टर हर संकट में समाज की पहली रक्षा पंक्ति हैं।

**स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं डॉक्टर**-डॉक्टर केवल बीमारियों का इलाज नहीं करते, बल्कि बीमारी की सही पहचान, उचित परामर्श और समय पर उपचार के माध्यम से मरीज को स्वस्थ जीवन की ओर लौटाने का प्रयास करते हैं। अस्पतालों की ओपीडी, इमरजेंसी, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, प्रसूति वार्ड और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर लगातार अपनी सेवाएं देते हैं।

**डॉक्टर के सामने प्रमुख समस्याएं** -सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण डॉक्टरों पर कार्यभार लगातार बढ़ रहा है। कई स्थानों पर डॉक्टरों की कमी, सीमित संसाधन और आधुनिक उपकरणों का अभाव भी बेहतर उपचार में चुनौती बनता है।

### इनका कहना है

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे केवल डॉक्टरों के सम्मान का दिन नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी अवसर है। विशेष रूप से महिलाओं को अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, पर्याप्त आराम और समय पर चिकित्सकीय परामर्श कई बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। हमारा उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ और जागरूक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है।

**डॉ. भारती साहू**
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे हमें यह याद दिलाता है कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का माध्यम है। मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि सिर में गंभीर चोट, अचानक लकवा, लगातार तेज सिरदर्द या शरीर में किसी असामान्य बदलाव को नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ से सलाह लें। समय पर इलाज कई गंभीर जटिलताओं से बचा सकता है।

**डॉ. वायआर यादव**
**न्यूरो सर्जन**



## 39 रेल अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में 30 जून को 39 रेल अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए इस हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा द्वारा रेल सेवा से इस माह सेवानिवृत्त हो रहे समस्त रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज प्रदान किए गए सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में विनोद कुमार नीलम, मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता एवं जगदीश प्रसाद पाठक, मंडल अभियंता सहित कर्मचारियों में डीपी अग्रवाल, एस शंकर, अनिल वानखेडे, इफ्तिखार अली, खोका मण्डल, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश सिंह, संजय कुमार सिंह, हरि सहाय पाण्डेय एवं रज्जन सहित सभी रेलकर्मियों को उनकी सेवा निवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाएँ दी गई। इस माह सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से मंडल रेल प्रशासन द्वारा किया इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनी कांत साहू, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वरूण चतुर्वेदी, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) शची पति नंदन एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक के. पी. सिंह के साथ कार्मिक एवं लेखा विभाग के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।